# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024



तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा


सेवानिवृत समिति प्रबंधन की यदि फिर नियुक्ति... 12


पीड़ित परिवारों को मिली आर्थिक मदद 12

## चुनाव : 2019 से पूर्व 26 सितंबर को वार्डों का हो हुआ था आरक्षण, अध्यक्ष के 26 के पहले हुआ था आरक्षण

26 कालम में सर्वे को निपटना टेढ़ी खीर

# नगरीय निकाय चुनाव पर लगा ग्रहण आरक्षण प्रक्रिया की अभी तक शुरुआत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नगरीय निकाय के तहत नगरपालिका कांकेर, नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर के वार्डो का आरक्षण 2019 में 26 सितंबर को हो गया था वहीं अध्यक्ष का आरक्षण उसके 10 दिन पहले हुआ था। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जो चर्चा चल रही है, उससे लग रहा है कि समय पर चुनाव को लेकर ग्रहण लग गया है। नगरीय निकाय चुनाव अब कम से कम दो से तीन माह देरी से होंगे।

अध्यक्ष एवं पार्षद के लिए दावेदारी करने वाले लंबे समय से सक्रिय है और उनकी सक्रियता ज्यादा दिख रही थी, परंतु अभी तक अध्यक्ष एवं वार्डो का आरक्षण नहीं होने से यह लगने लगा है कि नगरीय निकाय के चुनाव कम से कम दो से तीन माह देरी से शुरू होंगे। पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा जब तक सर्वे कराकर जनसंख्या के प्रतिशत का आंकड़ा जारी नहीं करेगा, तब तक आरक्षण की प्रकिया प्रारंभ होना संभव नहीं है। आयोग के द्वार जो प्रपत्र तैयार किया गया है, उसके अनुसार आंकड़ो को एकत्र करने में समय लगेगा। सर्वे का कार्य जिस गति से चल रहा है, उससे लग रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव समय पर नहीं हो पाएंगे। समय पर चुनाव होना होता तो अभी तक आरक्षण हो चुका होता, क्योकि 2019 में अभी तक आरक्षण हो चुका था। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अभी तक केवल शंकाएं ही चल रही है, किसी भी जिम्मेदार के द्वारा अधिकारिक बयान जारी नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते असमंजस की स्थितियाएं बनी हुई है और यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव में क्या होने वाला है।

### खास बातें
- सर्वे फार्म में 54 बिदुओं की जानकारी एकत्र करने में लग रहा है समय
- निकाय चुनाव के लिए केवल अनुमान, जिम्मेदारों का अधिकारिक बयान नहीं
- सरकार के जनप्रतिनिधि व संगठन के नेता भी है मौन




### प्रशासनिक अधिकारी को मिलेगा दायित्व
अध्यक्ष एवं पार्षद का कार्यकाल जनवरी माह में खत्म हो जाएगा, उसके बाद नगरीय निकाय को चलाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति कर दी जाएगी और उसके माध्यम से दो से तीन माह का कार्यकाल चलाया जाएगा। ऐसी परिस्थितयाएं अभी से दिखने लगी है। शहरों में यही चर्चा बनी हुई है, जिसके चलते चुनावी माहौल जो गरमाया था, वो ठंडा पड़ गया है।

### सर्वे की स्थिति अभी तक नहीं स्पष्ट
*पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा जो सर्वे प्रपत्र भेजकर सर्वे कराया जा रहा है, उसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है और जिम्मेदार यह नहीं बता पा रहे है कि सर्वे की प्रकिया कब तक पूरी हो जाएगी। सर्वे को लेकर जो असमंजस स्थिति बनी हुई है, उसी के चलते नगरीय निकाय का पूरा समीकरण बिगड़ गया है और अब कोई यह नहीं बता पा रहा है कि कब तक सर्वे पूरा होगा और कब से आरक्षण की प्रकिया शुरू हो जाएगी। अधिकारी इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं है, वहीं सरकार के जनप्रतिनिधि व संगठन के नेताओं ने भी इस मामले में अभी तक मौन साध लिया है।*

### सरकार जानबूझकर कर रही लेट
*नगरीय निकाय चुनाव को लेकर विरोधी पार्टी के नेताओं का कहना है कि सरकार जानबूझकर नगरीय निकाय चुनाव को देरी से कराने का षडयंत्र रच रही है। ओबीसी के आरक्षण को लेकर न्यायालय ने पाँच साल पहले निर्णय दिया था, सरकार बनते ही सर्वे काम शुरू कर देन था, इतनी देरी से सर्वे कार्य करने के कारण ही पूरी प्रकिया पीछे चल रही है, इस पर कोई कुछ बोलने को भी तैयार नहीं है। स्थानीय अधिकारियों का यहीं कहना है कि हमें इस पर अभी तक कोई निर्देश नहीं मिला है।*

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा
मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## खबर संक्षेप

### जहर बाधिक मानव की इलाज के दौरान मौत
**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत जुनवानी निवासी लिलेश कावड़े का ईलाज के दौरान 16 जनवरी को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर खाकर जान दी, विवेचना जारी
**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम बागोड़ निवासी खेमराज जैन ने जहर का सेवन कर लिया था। ईलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। ईलाज के दौरान 12 मर्ग को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### चक्कर खाकर गिरा अस्पताल में हुई मौत
**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत मुड़पार निवासी चंद्रशेखर कुर्रे का ईलाज के दौरान 26 मई को डीकेएस अस्पताल रायपुर में मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक चक्कर खाकर गिर गया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सड़क हादसे में घायल की मौत, मर्ग कायम
**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत कन्हानपुरी निवासी सोमेंद्र सुरोजिया सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को ईलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने की वहज से उसकी ईलाज के दौरान 18 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फांसी लगा आत्महत्या की, जांच में जुटी पुलिस
**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत बोदेली निवासी मधु सुदन साहू ने आम झाड़ में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बोदेली निवासी लेखराम साहू ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते 2 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## नायब तहसीलदार की नियुक्ति नहीं होने पर राजस्व मामले अटके, लोग हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

तहसील चारामा के अंतर्गत उप तहसील लखनपुरी में पदस्थ नायब तहसीलदार मिशा भार्गव के स्थानांतरण होने के बाद उन्हें जिला कलेक्टर कार्यालय से 26 सितंबर को रिलीफ करने आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश जारी होने के बाद उन्होने एवजीदार आने के पूर्व ही नवीन पदस्थापना वाले स्थान पर ज्वाइनींग भी कर लिया। सप्ताह भर के बाद भी वहां पर नए नायब तहसीलदार की नियुक्ति नही हो सकी है, जिसके चलते उप तहसील लखनपुरी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के ग्रामीण परेशान दिखाई दे रहे हैं। तहसीलदार की नियुक्ति नहीं हो पाने के कारण कार्यालय का पुरा काम काज ठप्प पड़ा हुआ है। वहीं क्षेत्र के किसानों के राजस्व मामले पूरी तरह से थम चुके हैं। राजस्व प्रकरणों के रुकने से कार्यालय में मामले बढ़ते ही जा रहे हैं । वहीं कई कई मामलों में पक्षकारों की सुनवाई रुकने से उन्हें नई-नई तारिखें दी जा रही है, जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीण बेहद परेशान हो चुके हैं और अपने रुके हुए राजस्व मामलों को लेकर रोज उप तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

वहीं अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण उस स्थान पर रिलीवर आने के बाद ही स्थानांतरित अधिकारी को भारमुक्त करने का भी प्रावधान होने की जानकारी मिल रही है, लेकिन उप तहसील कार्यालय लखनपुरी में अधिकारी के भारमुक्त हो जाने के सप्ताह भर के बाद भी अब तक नए तहसीलदार की पदस्थापना नहीं की जा रही है। आगामी 15 नवंबर से छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किसानों के धान की खरीदी शुरु करने वाली है। क्षेत्र के ग्रामीणों के नामांतरण, बंटवारा आदी के मामले रुके होने से उनके धान की बिक्री व अन्य शासकीय कार्यों के प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरुप राजस्व मामलों में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिसके चलते प्रशासनिक इकाईयों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर लोगो को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उप तहसील कार्यालय लखनपुरी की स्थापना की गई है, जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को अब तक मिल भी रहा था। किंतु वर्तमान समय में कार्यालय ⏭ शेष पेज 10 पर




## आकांक्षी जिला व ब्लॉक के उत्तम अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा चयनित कांकेर जिले को आकांक्षी जिला एवं कोयलीबेड़ा एवं दुर्गूकोंदल विकासखण्ड को आकांक्षी ब्लॉक के तौर पर चयनित किया गया है, जिसके तहत विगत 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक विभिन्न संकेतकों पर आधारित गतिविधियां संचालित की गई। आकांक्षी जिला व ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान के समापन अवसर पर आज सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्टर निलेश क्षीरसागर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समारोह में कलेक्टर क्षीरसागर ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा कि पिछले तीन महीने में जिला एवं दुर्गूकोंदल व कोयलीबेड़ा ब्लॉक में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिलाओं में सेहत के प्रति जागरूकता, सामाजिक सुरक्षा, कृषि क्षेत्र एवं अन्य निर्धारित इंडिकेटर पर कार्य सभी मैदानी अमलों ने ⏭ शेष पेज 10 पर

## ग्राम पटेल नियुक्ति के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने वाला जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



कोरर थानांतर्गत ग्राम पंचायत तेलम्मा में ग्राम पटेल के पद के लिए छलपूर्वक दस्तावेज के छेड़छाड़ करने व पंचायत द्वारा प्रस्तावित नाम के जगह अपना नाम डालने वाले आरोपी को कोरर पुलिस ने पकड़ा व जेल भेजा।

ग्रामीणो द्वारा थाना में शिकायत करने पर सज्ञान में लिया गया और एसपी आईके एलेसिला के आदेशानुसार एवं एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे और एसडीओपी मोहसिन खान के दिशा निर्देशानुसार थाना के अपराध क्रमांक 82/2023 धारा 420, 468, 471, 201 भादवि के आरोपी के पतासाजी में पुलिस जुट गई। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत तेलम्मा में पटेल पद के लिए पंचायत प्रस्ताव रखा था, जिसमे 17 मई 2023 को सरपंच, वार्ड पंच, सचिव व अन्य ग्रामीण उपस्थित होकर ग्राम पटेल पद के लिए पंचूराम गोटा को पंचायत प्रस्ताव पारित किया गया। सचिव दुकालू राम गोटा द्वारा पटेल पद नियुक्ति पंचायत प्रस्ताव को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भानुप्रतापपुर में पेश किया गया। इसी दौरान ग्राम तेलम्मा निवासी अश्वनी पटेल के द्वारा उक्त पंचायत प्रस्ताव की छाया प्रति को प्राप्त कर छल पूर्वक कूटरचित दस्तावेज को कालम नंबर 3 व कालम नंबर 4, पंचायत प्रस्ताव में सफेदा लगाकर मिटाकर कालम नंबर 3 में ग्राम प्रस्ताव चयन एवं कालम नंबर 04 में अश्वनी पटेल द्वारा उक्त पंचायत प्रस्ताव में 11 मई 2023 को कूटरचित दस्तावेज को छल पूर्वक असली दस्तावेज के रूप में अनुविभागीय अधिकार (राजस्व) कार्यालय भानुप्रतापपुर में अश्वनी पटेल के द्वारा पटेल पद के लिए अपने नाम से ग्राम प्रस्ताव का फर्जी दस्तावेज तैयार कर पेश किया गया। जबकि मूल दस्तावेज में पटेल पद के लिए पंचूराम गोटा का नाम ⏭ शेष पेज 10 पर

## स्वच्छता ही सेवा के तहत कृषि कालेज ने चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट, राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रिय इकाई भोपाल के निर्देशानुसार, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में स्वयं सेवक, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगणो की उपस्थिति में स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर 20 सितंबर को शुभारंभ किया गया। स्वच्छता ही सेवा के तहत महाविद्यालय ⏭ शेष पेज 10 पर

## मंडली भवन के लाकर से नकद आठ लाख की चोरी अज्ञात चोर की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




- नवरात्रि पर्व के अवसर पर गांव में मीटिंग रखी गयी थी तब चोरी की जानकारी हुई

कांकेर थानांतर्गत ग्राम नारा में मंडली भवन के लॉकर में रखे नगद 8 लाख रूपएं की चोरी का मामला सामने आया है। मंडली के पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीणो से मिली सहयोग राशि को भवन के अंदर आलमारी के लॉकर में रखा गया था। नवरात्रि पर्व के अवसर पर गांव मीटिंग रखा गया तब चोरी की जानकारी हुई।

थाना में शिकायत करने पहुंचे नारा निवासी 51 वर्षीय तोरण कुमार सिन्हा पिता तिलक राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि ग्राम नारा के रामलीला मंडली का अध्यक्ष हूं। गांव के रामलीला मंडली में हमारे पूर्व में पूर्वजों द्वारा धान व पैसा लेन-देन किया जाता था और वर्तमान में गांव के जिस किसी जरूरतमंद व्यक्ति को सहयोग राशि दिया जाता था जो समय-समय पर वसूली कर अपने श्रीराम लीला मंडली भवन के आलमारी के लॉकर में रखते थे। पैसा को 25 अगस्त को सुबह करीबन 10 बजे समस्त ग्रामवासियों ने देखा था। लॉकर में लगभग 7 से 8 लाख रूपएं था। गांव के शितला मंदिर में ⏭ शेष पेज 10 पर

## नशामुक्ति और यातायात नियमों की भी दी जानकारी

## सप्ताहिक बाजार में चलित थाने में सायबर अपराध व कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बदलते समय के साथ टेकनोलॉजी का उपयोग अब हर व्यक्ति कर रहा है, लेकिन पूरी जानकारी नही होने कारण उन्हे नुकसान भी उठाना पड़ता है। सायबर अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। कई लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहें है। ठगी से बचने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार लोगो को जगरूक किया जा रहा है।

नरहरपुर पुलिस ने लोगो को जाकरूक करने के लिए ग्राम बादल के सप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर आमजनो की समस्या को सुना और लोगो को सायबर अपराध, यातायात नियम, नशामुक्ति, महिला व बाल सुरक्षा के संबंध में जाकरूक किया। जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई अनजान व्यक्ति कॉल व मैसेज कर लुभावना आफर देता है या आपके किसी सर्विस के ब्लॉक होने का भय दिखाता है, आपकी किसी एग्जिस्टिंग सर्विस, ऑनलाइन खरीददारी या व्यक्तिगत जानकारी देकर आपको विश्वास में लेता है तो सचेत हो जाएं आप साइबर ठगी के शिकार हो सकते है। डिजिटल हाऊस अरेस्ट एक नया सायबर अपराध है, जिसमें ठगबाज लोगों को गिरफ्तारी का डर दिखाकर, डरा धमकाकर पुलिस अधिकारी व सीबीआई ऑफिसर अन्य जाँच एजेन्सी इत्यादि के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करते हुए घरों में कैद कर लेते है और फिर उनके खातों से ओटीपी व पासवर्ड मांगकर पैसा निकाल लेते है या किसी रिस्तेदार को गिरफ्तार किया गया है कहकर पैसों की मांग करते है। शेयर बाजार व ट्रेडिंग के नाम पर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर सायबर ठग आपको सायबर ठगी का शिकार बना रहें है। ध्यान रखें, क्यूआर कोड पर स्कैन केवल पेमेंट करने के लिए होता हैं, पेमेंट मंगाने के लिए नहीं। यूपीआई से पेमेंट रिसीव करते वक्त पिन एंटर न करें। गूगल में कस्टमर केयर का नम्बर सर्च करते वक्त सावधानी बरते। कस्टमर केयर नम्बर के लिए हमेशा संबंधित कंपनी के वेबसाइट पर जाएं। साइबर अपराध व ठगी का शिकार होने की स्थिति में टोल फ्री नम्बर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।



### अनजान व्यक्ति को निजी जानकारी देने से बचे
किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर अपनी निजी जानकारी जैसे आधार नंम्बर, पैन कार्ड का नम्बर, एटीएम कार्ड नंबर, ओटीपीआदि शेयर न करें। बीमा, फाइनेंस, किश्त, लोन, केवायसी अपडेट, सीम ब्लॉक होना, लॉटरी, कौन बनेगा करोड़ पति या लक्की ड्रा जैसे फोनकॉल व मैसेज से बचे।

### थर्ड पार्टी एप का सावधानी से करें उपयोग
अनजान व्यक्ति के कहने पर किसी भी थर्ड पार्टी एप्लीकेशन जैसे क्यूक स्पोर्ट, ऐनी डेस्क, टीम व्हीवर व अन्य एप को इंस्टाल ना करें। इस प्रकार का एप आपके फोन या पीसी में है तो उसका सावधानी से उपयोग करें। अनजान नम्बर से आए लिंक्स को कभी क्लिक ना करें। आपका फोन हैक हो सकता है। रजिस्ट्रेशन अथवा अकाउंट टेस्ट करने के नाम से 10 रुपएं जैसी राशि के ट्रांसफर की लिंक के माध्यम से कोई लेने-देन ना करें।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### साफ-सफाई पर नहीं दे रहें ध्यान



**बनसागर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम उमरादाह के ग्रामीणो से मिली जानकारी अनुसार गांव के अटल चौक में महात्मा गांधी की मुर्ति स्थापित किया गया है। जहां पर गांधीजी की मुर्ति है उस स्थान की सफाई नही किया जाता न मुर्ति का रंग रोहन किया जाता है। यहां तक कि 2 अक्टूबर को ना ही पुजा किया ना ही फुल माला चढ़ाया गया।

### ग्राम पंचायत सचिव पदों पर भर्ती निरस्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव के कुल 14 रिक्त पदों के विरुद्ध भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने बताया कि उक्त भर्ती को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

### स्वास्थ्य परीक्षण व सह-उपचार शिविर आज

**कांकेर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत एक दिवस स्वास्थ्य परीक्षण सह उपचार शिविर का आयोजन 05 अक्टूबर को प्रातः 10 से शाम 04 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर में आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शांडिया ने बताया कि शिविर में एनएच एमएमआई से हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे, जिसमें हड्डी रोग, सर्जरी, एमडी मेडिसीन, नेत्र और ईएनटी विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट और अन्य विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई है। चिरायु संदर्भित समस्त बच्चों का ओपीडी शुल्क एक्स-रे, रक्त जांच, सोनोग्राफी एवु अन्य सुविधाएं निःशुल्क किया जाएगा।

### पंचायतों में की जा रही वृहद ग्रामसभाएं

**कांकेर।** जिले की ग्राम पंचायत लखनपुरी, खैरखेड़ा, अरौद, कोचवाही, रिसेवाड़ा, तुलतुली और कोकपुर में स्वयं सेवी संगठन के सहयोग से वृहद ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में गांव की कहानी बुजुर्गों की जुबानी, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता एवं नशामुक्ति पर शपथ, ग्राम पंचायत विकास योजना और पंचायत विकास सूचकांक आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याओं और उनके समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी चारामा ने ग्राम पंचायत लखनपुरी में ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसके समाधान के लिए शासकीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, पंच, पिरामल फाउंडेशन की टीम के सदस्यों ने ग्रामसभा की आयोजन में अहम-भूमिका निभाई।

**आरोप : प्रबंधक पर अनियमितता करने का आरोप लगाया**

# सेवानिवृत्त समिति प्रबंधन की यदि फिर नियुक्ति हुई तो किसान करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना प्रबंधक केशव नाग 30 सितंबर को सेवानिवृत्ति हो गए। सेवानिवृत्ति के बाद अगर पुनः पदस्थ किया गया तो किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना के पंजीकृत किसानों ने जमकर विरोध किया है।

किसान एवं पूर्व समिति अध्यक्ष सियाराम शोरी, रामाधार धनकर, अनिल गजपाल, अजयहिरवानी, अशोक निषाद, सुरेश साहू, सूरज कोराम, रामभरोस मंडावी, जंगल शोरी, कमलेश साहू, बीनु शोरी एवं सहकरी समिति के अंतर्गत सेकडो से अधिक किसानों ने कांकेर पहुंचकर उपपंजीयक सहाकारीता विभाग, सहाकारीता मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर, सांसद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम एवं कलेक्टर के नाम से आवेदन सौंपा है। आवेदन में किसानों ने जिक्र किया है कि समिति प्रबंधक द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के साथ हमेशा उपेक्षा किया जाता था एवं धान खरीदी में सुकती के नाम से घाटा बताकर एवं स्टेशनरी खरीदी में समिति में भारी अनियमिताएं बरती गई। जब से प्रभार लिया समिति घाटा में जाता गया एवं उसके पूर्व समिति फायदा में चल रहा था। आज यह नोबत है कि समिति में काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ रहे हैं व उसकी भी जांच किया जाए तो दूध का दूध पानी का पानी होगा। किसानों ने इसके पूर्व भी समिति प्रबंधक को हटाने की मांग को लेकर कई बार आवेदन दिया था, परंतु नहीं हटाया गया। अब जबकि समिति प्रबंधक सेवानिवृत हो गए हैं, परंतु उन्हें पुनः पदस्थ किया गया तो किसानों ने कहा कि हम इसका जमकर विरोध करते हैं एवं आंदोलन भी करना पड़ा तो करेंगे एवं इसकी जिम्मेदार शासन प्रशासन होंगे।

# सरोना कालेज में वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

शासकीय महाविद्यालय सरोना साल्हेभाट में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यशाला का संयुक्त आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर और शासकीय महाविद्यालय सरोना द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय नरहरपुर प्राचार्य बीआर भेड़ियि तथा विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश जन विज्ञान केंद्र मुड़पार संचालक एलआर सिन्हा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. सुनील कुमेटी और शासकीय महाविद्यालय सरोना प्राचार्य राधिक कुमार ध्रुव उपस्थित रहे। डॉ सुनील कुमेटी ने वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता और जागरूकता के बारे में बताया कि भारत की केवल 27 प्रतिशत आबादी 2024 तक वित्तीय साक्षर होगी। वित्तीय प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया। पहले दिन रिसोर्स पर्सन रोहित पाल ने वित्तीय साक्षरता के महत्व, वित्तीय नियोजन, स्मार्ट बजट, बैंकिंग आदतें और वित्तीय असाक्षरता के नुकसान पर चर्चा किया। अंतिम सत्र में पंकज यादव, ब्लॉक परामर्शदाता सीएफएल कांकेर ने बैंकिंग व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में 71 पंजीकृत विद्यार्थियों, सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने भाग लिया, जिससे वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ी।

# चारभाठा से बमलेश्वरी माता तक पैदल यात्रा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम गिरोला, चारभाठा, कोरतरा और ग्राम ताराकुर्रा के श्रद्धालु माता बमलेश्वरी समिति के तत्वाधान में बमलेश्वरी माता के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकले। सभी ग्रामों के श्रद्धालु चारभाठा स्थित दंतेश्वरी माता मंदिर के पास एकत्रित हुए और वहां से पैदल यात्रा की शुरुआत किया।

श्रद्धालुओं ने बताया कि वे हर वर्ष बमलेश्वरी माता का दर्शन करने पैदल यात्रा करते हैं, ताकि वे अपने गांव और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना कर सकें। इस यात्रा में सभी उम्र के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और पूरे उत्साह के साथ माता के दर्शन करने के लिए पैदल चलकर पहुंचते हैं। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व पार्षद सुभाष सोनकर, विधानसभा महासचिव यूथ कांग्रेस अर्जुन देवांगन, अनुराग सोनवानी और ओमकार ने यात्रियों से मुलाकात की और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ विदा किया। रात्रि 11:30 बजे चारभाठा में सभी श्रद्धालु एकत्रित हुए और उत्साहपूर्वक बमलेश्वरी माता के दर्शन के लिए पैदल यात्रा की शुरुआत किया।

# प्रयोगशाला तकनीशियन परीक्षा 6 को, नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा 6 अक्टूबर को अपरान्ह 02 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 05 हजार 363 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक स्कूल शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

उक्त परीक्षा के आयोजन के लिए जिला मुख्यालय में 20 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा कांकेर, शासकीय विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर कांकेर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, शासकीय जिला शिक्षा संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र डाईट कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, शासकीय कन्या छात्रावास हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा कांकेर, शासकीय हाई स्कूल शीतलापारा, पैराडाईज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ईच्छापुर, कृषि कॉलेज एवं रिसर्च स्टेशन सिंगारभाट कांकेर, शासकीय हाई स्कूल बरदेभाठा, जुपिटर पब्लिक स्कूल माहुरबंदपारा कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आतुरगांव और जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# कानापोड़, तुएगुहान, कुर्रुटोला एवं बारदेवरी बना जल प्रमाणित ग्राम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के विकासखण्ड चारामा, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर के विभिन्न ग्राम पंचायत कानापोड़, तुएगुहान, कुर्रुटोला और बारदेवरी में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्रामों को प्रमाणीकरण भी किया गया। ग्राम कानापोड़ और तुएगुहान में ग्राम पंचायत सरपंच तथा ग्राम कुरुटोला में सचिव की अध्यक्षता में कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बीएन भोयर ने बताया कि ग्राम सभा में जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते आगे भी योजना को सुचारू रूप से सफलतापूर्वक संचालित करने की तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। उनके द्वारा जल जीवन मिशन योजना की संपूर्ण जानकारी देते पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने की बात कहीं। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को अपने दायित्वों को सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, जिला समन्वयक, पंप ऑपरेटर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# चारामा में प्रांतीय डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन 8 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 08 अक्टूबर मंगलवार को श्रीश्री नवदुर्गोत्सव समिति चारामा के तत्वाधान में रात्रिकालिन राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सामूहिक, युगल और एकल नृत्य श्रेणियों में प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें राज्यभर से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। सभी चारामा और आस-पास के नागरिकों को इस शानदार कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

प्रतियोगिता में शानदार पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं द्वितीय और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपएं व 7 हजार 100 रूपएं के नकद पुरस्कार दिया जाएगा। युगल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7100 रूपए की स्मृति में दिया जाएगा, जबकि द्वितीय और तृतीय पुरस्कार 5 हजार 100 रूपएं और 3 हजार 100 रूपएं दिया जाएगा। एकल नृत्य प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों में नकद राशि 5100, 3100 और 2100 रूपए निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता का आयोजन चारामा के नागरिकों और श्रीश्री नवदुर्गोत्सव समिति के सहयोग से किया जा रहा है। यह आयोजन नवरात्रि के उत्सव को और भी रंगीन और यादगार बनाने का प्रयास है, जिसमें चारामा के साथ-साथ विभिन्न जिलों से डांस के शौकीन कलाकार अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, बल्कि युवाओं के लिए अपने कला कौशल को दिखाने का एक सुनहरा अवसर भी है।

# कांग्रेस के छग न्याय यात्रा में शामिल हुए तुषार ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

बस्तर के आदिवासी नेता प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव तुषार ठाकुर छत्तीसगढ़ में गिरौधपुरी से राजधानी रायपुर तक छः दिवसी 125 किलोमीटर की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल हुए। इस यात्रा का उद्देश्य उन्होंने बताया कि हर नागरिक तक न्याय और समानता पहुंचना है हम अन्याय, भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे प्रदेश की जनता छत्तीसगढ़ सरकार का नग्न तांडव देख रही हैं, सतनामी समाज के जैतखम अपमान से लेकर बलौदा बाजार कलेक्टर में आगजनी तक की घटना से सरकार सतनामी समाज से घृणा कर रही है जिसके कारण सतनामी समाज के साथ खड़े होने वाले नेता भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित कई नेताओं को जेल में ठूसा जा रहा है, जबकि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं हैं, अगर सबूत है तो साबित करें।

# पीड़ित परिवारों को मिली आर्थिक मदद



**दुधावा।** दुधावा में तेंदुए के हमले से पीड़ित परिवारों से मिलकर सहयोग राशि के रूप में भेंट की गई। जीनियस इंग्लिश मीडियम स्कूल ने तेंदुए के हमले से पीड़ित 11 वर्षीय बालक के परिवार से मिलकर 15001 रुपए की सहयोग राशि, नयापारा पीड़ित परिवार से मिलकर 5101 रुपए व कोरमुड पीड़ित परिवार से मिलकर 3101 रुपए की सहयोग राशि भेंट की गई। स्कूल के प्राचार्य येजन्त देव निषाद, स्कूल के स्टाफ लक्ष्मण साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मिलन सरोज, उपाध्यक्ष प्रेमूलाल निषाद, महिला उपाध्यक्ष सुरजो मंडावी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य किसुन खिलाड़ी, गोविंद मरकाम, अभिभावक इंद्रभान साहू के साथ ही ग्राम के सरपंच श्यामा बाई नेताम, ग्रामीण अध्यक्ष दुकालू नेताम, ग्राम पटेल जंगलू राम नेताम, गणमान्य नागरिकों में कर्ण कुमार साहू, दशरथ मरकाम, राम कुमार सेन उपस्थित रहे।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 7 को

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में बताया गया कि रिटेल, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन एवं सिक्यूरिटी गार्ड के रिक्त 30-30 सीटों पर जिलावासियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। इसके लिए आगामी 07 अक्टूबर को गोविंदपुर कांकेर स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में सुबह 11 से सायं 04 बजे तक काउंसिलिंग की जाएगी। सहायक परियोजना अधिकारी लाइवलीहुड ने बताया कि जिले के ऐसे युवक-युवती जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है तथा जो उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं, वे शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची, आधार कार्ड, चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ्स तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति लेकर काउंसिलिंग के लिए उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रूकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# निविदा को निरस्त करने की मांग सतनामी समाज ने शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लॉक ईकाई चारामा के द्वारा नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 13 में नव निर्माणाधीन समाजिक भवन में ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं करने को लेकर पुरा समाज असंतुष्ट दिखाई पड़ रहा है।

नए सामाजिक भवन निर्माण की गुणवत्ता व कार्य में हो रही लेट लतिफी को लेकर समाजजन ठेकेदार के उपर नाराज हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी न भवन की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है और न ही समय पर काम पुरा किया जा रहा है। मामले को लेकर सतनामी समाज के द्वारा 30 सितंबर को पत्र लिखकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष शिकायत भी की गई है, जिसमे उन्होंने ठेकेदार के द्वारा भवन निर्माण मे गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने व अधूरे निर्माण कार्य सहित कार्य की धीमी गति से परेशान होकर उक्त ठेकेदार नेतन देवांगन के फर्म की निविदा निरस्त करने व बचत कार्य को समाज के लोगों द्वारा कराए जाने की मांग की है।

वहीं समाज ने चेतावनी दी है कि समाजिक भवन निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया तो भवन निर्माण के बाद समाज के द्वारा उसे हेंड ओवर नही लिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी ठेकेदार व शासन प्रशासन की होगी।

# स्वरोजगार ऋण मिलेगा, अजा-अजजा वर्ग से आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में निवासरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंक प्रवर्तित योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आगामी 25 अक्टूबर तक आमंत्रित किया गया है।

जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 96 और आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 106 का लक्ष्य रखा गया है। पात्रता-आवेदक संबंधित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो, पारिवारिक वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार से अधिक ने हो, आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो, जन्म तिथि दर्शित 5वीं, 8वीं तथा 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पैनकार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ्स तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति और 10 रूपए के स्टाम्प में किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लिए होने का शपथ पत्र। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक अपना आवेदन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर के कलेक्टोरेट कम्पोजिट भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक-06 में 25 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं

